**भारत सरकार**
**ग्रामीण विकास मंत्रालय**
**ग्रामीण विकास विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 560**
**(03 फरवरी, 2026 को उत्तर दिए जाने के लिए)**

**केरल में पीएमएवाई-जी का कार्यान्वयन**

**560. एडवोकेट डीन कुरियाकोस:**

क्या **ग्रामीण विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या केंद्र सरकार केरल राज्य में पीएमएवाई -जी के तहत एकल घर के निर्माण की लागत में केंद्र सरकार के हिस्से को बढ़ाने पर विचार करेगी , यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) पिछले पांच वर्षों के दौरान केरल राज्य में पीएमएवाई -जी के तहत लाभार्थियों की कुल संख्या का जिलावार ब्यौरा क्या है; और

(ग) पिछले पांच वर्षों के दौरान योजना के कार्यान्वयन के लिए केंद्र सरकार द्वारा स्वीकृत कुल धनराशि का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**ग्रामीण विकास राज्य मंत्री**
**(डॉ. चंद्र शेखर पेम्मासानी)**

(क) प्रधानमंत्री आवास योजना -ग्रामीण (पीएमएवाई-जी) के तहत, मैदानी क्षेत्रों (केरल सहित) में 1.20 लाख रुपये और उत्तर -पूर्वी राज्यों, पहाड़ी राज्यों (जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के संघ राज्यस क्षेत्रों सहित) में 1.30 लाख रुपये की इकाई सहायता योजना के लाभार्थियों को प्रदान की जाती है। इकाई सहायता के अतिरिक्त , लाभार्थियों को 90/95 कार्य दिवसों की अकुशल श्रम मजदूरी की सुविधा प्रदान की जाती है। स्वच्छ भारत मिशन-ग्रामीण (एसबीएम-जी) या वित्त पोषण के किसी अन्य विशिष्टच स्रोत के माध्यम से शौचालय निर्माण के लिए 12,000 रुपये की सहायता भी प्रदान की जाती है। पाइप से पेयजल , बिजली कनेक्शन, एलपीजी गैस कनेक्शन के लिए अभिसरण और बेहतर आजीविका के अवसरों का पता लगाने के लिए दीनदयाल अंत्योदय योजना -राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (डीएवाई-एनआरएलएम) के माध्यम से पीएमएवाई -जी परिवारों की महिला सदस्यों को स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) के दायरे में शामिल करने का कार्य भी किया जाता है।

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 2 करोड़ और घरों के निर्माण के लिए मौजूदा इकाई सहायता के अनुसार मार्च, 2029 तक पीएमएवाई-जी को जारी रखने की मंजूरी दे दी है। पीएमएवाई -जी के तहत लाभार्थियों को प्रदान की जाने वाली इकाई सहायता केंद्रीय मंत्रिमंडल के अनुमोदन के अनुसार है और वर्तमान में , मंत्रालय में इकाई वित्तीय सहायता बढ़ाने का कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

(ख) पिछले पांच वर्षों के दौरान पीएमएवाई -जी के तहत केरल राज्य में आवंटित लक्ष्यों , स्वीकृत और पूर्ण किए गए घरों का जिला-वार विवरण अनुबंध-I में दिया गया है।

(ग) पिछले पांच वर्षों के दौरान पीएमएवाई -जी के तहत केरल राज्य को ₹138.42 करोड़ का केंद्रीय हिस्सा जारी किया गया है।

****

**अनुबंध-I**

पीएमएवाई-जी के अंतर्गत विगत पांच वर्षों के दौरान केरल राज्यत में आवंटित, स्वी़कृत तथा पूर्ण लक्ष्यों ा के जिलाावार विवरण के संबंध में दिनांक 03.02.2026 को लोक सभा में उत्तोर दिए जाने के लिए नियत अतारांकित प्रश्नं संख्या 560 के भाग (ख) के उत्तोर में उल्लिखित विवरण

| **क्र. सं.** | **जिला** | **राज्य द्वारा आवंटित लक्ष** | **स्वीयकृत घ** | **पूरे किए गए घर** |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अलाप्पुझा | 15,281 | 4,384 | 896 |
| 2 | एर्नाकुलम | 13,472 | 2,287 | 533 |
| 3 | इडुक्की | 14,205 | 4,049 | 1,031 |
| 4 | कन्नूर | 11,925 | 2,040 | 368 |
| 5 | कासरगोड | 11,480 | 3,339 | 677 |
| 6 | कोल्लम | 16,377 | 4,034 | 1,327 |
| 7 | कोट्टायम | 9,248 | 2,472 | 315 |
| 8 | कोझिकोड | 11,206 | 3,160 | 563 |
| 9 | मलप्पुरम | 23,208 | 6,081 | 1,358 |
| 10 | पलक्कड़ | 23,824 | 9,432 | 1,851 |
| 11 | पथानामथिट्टा | 8,174 | 1,879 | 536 |
| 12 | तिरुवनंतपुरम | 21,615 | 6,177 | 1,707 |
| 13 | त्रिशूर | 13,704 | 3,913 | 791 |
| 14 | वायनाड | 14,074 | 2,627 | 1,315 |
| | **कुल** | **2,07,793** | **55,874** | **13,268** |